डीएम ने कराई धान की क्रॉप कटिंग

अमेठी । जनपद में धान की फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता का आंकलन करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने बुधवार को तहसील गौरीगंज अंतर्गत ग्राम बासुपुर में क्रॉप कटिंग कराई। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम के साथ किसान विद्यावती देवी पत्नी रामकुमार के खेत पर पहुंचकर अपने सामने 43.03 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में धान की फसल की क्रॉप कटिंग कराई। इसके बाद धान की पिटाई कराकर उसका वजन कराया गया जिसमें कुल 17.550 किलोग्राम उपज प्राप्त हुई। इसके आधार पर धान की उत्पादकता 40.54 कुंतल प्रति हेक्टेयर आंकी गई। क्रॉप कटिंग के आंकड़े कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता का आकलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके माध्यम से फसलों की वास्तविक पैदावार का अनुमान लगाने के साथ ही कृषि आधारित आर्थिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की जाती है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति का लाभ उपलब्ध कराने में भी क्रॉप कटिंग के आंकड़ों का विशेष महत्व है। क्रॉप कटिंग के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से सीधे संवाद कर धान की खेती उत्पादन एवं कृषि संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपना धान नजदीकी सरकारी धान क्रय केंद्र पर ही बेचें ताकि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने किसानों से फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने तथा पराली न जलाने की अपील की।

भगवान का स्मरण ही मोक्ष का मार्ग-आचार्य कौशल किशोर

मुंशीगंज अमेठी । क्षेत्र के हालापुर सरायखेमा गांव में चंद्रिका प्रसाद पाठक के यहां चल रही नौ दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा के सातवें दिन बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कथा व्यास आचार्य कौशल किशोर मिश्र ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाया।उन्होंने कहा कि भगवान का स्मरण ही समस्त जीवों के मुक्ति का मार्ग है। भगवान शिव ने समुद्र मंथन से निकले विष को अपने कंठ में धारण कर संसार के कल्याण का संदेश दिया। राजा परीक्षित के प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि भगवान के नाम का गुणगान और कथा श्रवण जीव को मोक्ष के मार्ग पर ले जाता है। आचार्य ने कहा कि जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही महारास है। मनुष्य को अपने आराध्य का स्मरण करने के साथ माता-पिता की सेवा भी करनी चाहिए। माता-पिता की सेवा से घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

आज रात चलनी से अपने चाँद का दीदार करेगी पतिव्रता औरतें

अजय पाठक/मोजीम खान

तिलोई,अमेठी-करवाचौथ सुहागिन महिलाओं के लिए किसी त्यौहार से कम नही है।बुधवार को क्षेत्र की बाजारों में रौनक रही।बुधवार को दिन भर खरीदारी के लिए सुहागिन महिलाओं की भीड़ बाजार में रही। दोपहर में क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर तो जाम के हालात रहे। इस दौरान सर्वाधिक भीड़ महिला श्रृंगार, वस्त्र व उपहार से जुड़े उत्पादों की दुकानों पर रही। करवाचौथ का पर्व बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए निर्जल व्रत रखेंगी। इसको लेकर उन्होंने तैयारी भी पूरी कर ली है। सुहागिनें खुद को निखारने व संवरने को लेकर ब्यूटीशियन की लाइन में लगी हैं। बाजार से सामग्री की खरीदारी भी शुरू कर दी गई है। तरह-तरह की चूड़ियां, कपड़े, श्रृंगार एवं पूजा के सामान से बाजार सजे रहे । करवाचौथ को खास बनाने में महिलाएं जुटी हैं। बाजार भी इसे लेकर दुल्हन की तरह सजा है। ज्वेलरी, चूड़ी और कपड़ों की दुकाने और ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की भीड़ है। तहसील क्षेत्र के बाजारो में महिलाओं के द्वारा खूब खरीदारी की गई। करवा चौथ पर्व को लेकर बाजारों में भीड़ बढ़ने से व्यापारी भी उत्साहित दिखे। इस दौरान महिलाएं रंग-बिरंगी चूड़ियों की खरीदारी में लगी रहीं तो कुछ मेहंदी लगाने के लिए पति के पसंदीदा डिजाइन को ढूंढ रही थीं। दुकानदारों का कहना है कि बुधवार को बाजार में अच्छा असर रहा है। स्वर्णकारों ने भी की तैयारियां महिलाओं की पसंद और चलन को देखते हुए फैशन को वरीयता दी है। बाजार में पायल एवं बिच्छू, डिजाइनर चेन, डिजाइनर अंगूठी महिलाओं की खासी पसंद बनी रही। सुहागिनों के लिए बेहद खास इस त्योहार की तैयारियों से तहसील क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में खासी रौनक बनी हुई है। डिजाइनर थाली बनी पहली पसंद बाजार में कढ़ाई वाली साड़ियों को काफी पसंद किया जा रहा है। करवाचौथ में इस बार डिजाइनर थाली महिलाओं को लुभा रही है। थालियों की कीमत दो सौ से लेकर साढ़े सात सौ रुपये तक है। लाल रंग के वेलवेट पेपर से सजी थाली में तांबे का लोटा, दीपक और धूप-अगरबत्ती स्टैंड बना हुआ है। इसके अलावा मिट्टी के करवे एवं दीयों को भी नया लुक दिया गया है।

ब्यूटीशियन की रही एडवांस बुकिंग करवाचौथ को लेकर ब्यूटीशियन की एडवांस बुकिंग शुरू है। मेहंदी लगवाने, हेयर कटिंग, मेनीक्योर, पैडिक्योर करवाने और अन्य श्रृंगार करने, सजने-संवरने के लिए ब्यूटीशियन की बुकिंग की जा रही है। ब्यूटीशियन अमिता गौतम, सन्ध्या दीक्षित ने बताया कि हाथ एवं पैर में मेहंदी लगाने के अलग-अलग दाम तय किए गए हैं। सजाने की कीमत ज्यादा है। कुछ महिलाएं उनके पास से सजने की सामग्री भी भाड़े पर बुक कर रही हैं। उन्होंने बताया कि 200 से लेकर 2000 रुपये तक मेहंदी रचाने की कीमत रखी गई है। मसाज, फेश वॉश, ब्लीच करवाने के लिए अभी से ही महिलाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए खरीदारी करने पर डिस्काउंट और तरह-तरह के ऑफर दिए जा रहे हैं।

मौलवी पर छेड़छाड़ का आरोप मामला दर्ज

अमेठी । झाड़-फूंक कराने गई एक नाबालिग दलित किशोरी के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मौलवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है।मिली जानकारी के अनुसार 27 अक्टूबर की शाम मजार पर पास के गांव की रहने वाली किशोरी अपने एक रिश्तेदार के साथ भैंस की झाड़-फूंक कराने के लिए वहां गई थी। आरोप है कि इसी दौरान मजार पर मौजूद मौलवी ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। घटना के बाद किशोरी किसी तरह वहां से निकली और अपने परिजनों को पूरी बात बताई। जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को मामले से अवगत कराया। घटना की जानकारी मिलने के बाद किशोरी अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए आरोपी मौलवी को हिरासत में ले लिया। पुलिस अब किशोरी की शिकायत और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है। आरोपी से भी पूछताछ की जा रही है ताकि मामले की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। सीओ अमेठी श्वेताभ भास्कर ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दो उपनिरीक्षक बने निरीक्षक

अमेठी। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह द्वारा थाना अमेठी में नियुक्त उपनिरीक्षक विष्णुकान्त शुक्ल एवं थाना मुसाफिरखाना में नियुक्त उपनिरीक्षक श्रवण कुमार को पदोन्नति प्राप्त कर निरीक्षक बनने के उपलक्ष्य में स्टार लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

सात गांवों की जमींदारी, कभी शान-ओ-शौकत की पहचान थी मंगलादीन कोठी, आज खंडहर बनने की कगार पर

शाहाबाद (हरदोई)। कभी सात गांवों की जमींदारी, रुतबे और शानो-शौकत की पहचान रही पंडित मंगलादीन दीक्षित की ऐतिहासिक कोठी आज बदहाली का शिकार है। बेजोड़ नक्काशी, भव्य निर्माण शैली और लकड़ी के कलात्मक दरवाजों से सजी यह इमारत कभी क्षेत्र की पहचान हुआ करती थी, लेकिन उचित देखरेख और संरक्षण के अभाव में इसकी भव्यता अब खंडहर में तब्दील होती जा रही है। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, लगभग 1900 ईस्वी के आसपास मंगलादीन दीक्षित सात गांवों के जमींदार थे। कोठी का निर्माण उस दौर की पारंपरिक स्थापत्य कला और कारीगरों के अद्भुत हुनर का नमूना माना जाता है। बताया जाता है कि शिल्पकार द्वारिका सिंह ने भवन में शानदार नक्काशी की थी, जबकि शाहजहांपुर के नंदू बढ़ई ने लकड़ी के दरवाजों को आकर्षक रूप दिया था।

बाबा बल्लीदास महाराज के श्राप की जनश्रुति भी प्रचलित

मंगलादीन कोठी के इतिहास से बाबा बल्लीदास महाराज के श्राप की कहानी भी जुड़ी हुई है। स्थानीय जनश्रुति के मुताबिक, दिलेरगंज स्थित संगत के पास प्राचीन कुएं के निकट पहुंचे संत ने उस स्थान को सिद्ध बताते हुए मंदिर निर्माण और मेले के आयोजन की बात कही थी। कहा जाता है कि मंगलादीन दीक्षित ने उनकी बात को महत्व नहीं दिया और उनके चिमटे को पैर से हटा दिया। इससे नाराज संत ने उन्हें संतानहीन रहने और संपत्ति के भविष्य को लेकर श्राप दिया था। हालांकि, इस कहानी की ऐतिहासिक पुष्टि नहीं है।

संस्कृत कॉलेज बनवाते समय हादसे में हुई थी मृत्यु

बताया जाता है कि मंगलादीन दीक्षित संस्कृत कॉलेज का निर्माण भी करा रहे थे। निर्माण कार्य की निगरानी के दौरान ऊंचाई से गिरने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उनके निधन के बाद पत्नी ब्रजरानी ने संपत्ति की देखरेख के लिए ट्रस्ट बनाया था। कुछ समय तक ट्रस्ट के माध्यम से व्यवस्था चलती रही, लेकिन बाद में ट्रस्ट भंग होने के बाद कोठी की देखरेख प्रभावित हुई और इमारत लगातार जर्जर होती चली गई। स्थानीय बुद्धिजीवियों और इतिहास में रुचि रखने वाले लोगों ने इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि संबंधित विभागों को कोठी की ऐतिहासिक, स्थापत्य और कानूनी स्थिति की जांच कर संरक्षण की दिशा में कदम उठाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस विरासत और पारंपरिक शिल्पकला को देख सकें।

भगवान के घर में भी चोरी! राम-जानकी मंदिर के दानपात्र से 60 हजार रुपये पार

हरदोई। शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित राम-जानकी मंदिर में चोर ने दानपात्र का शीशा तोड़कर करीब 50 से 60 हजार रुपये पार कर दिए। घटना से मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। चोर की करतूत मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बताया जाता है कि चोर सीएसएन डिग्री कॉलेज की दीवार फांदकर मंदिर परिसर में दाखिल हुआ और दानपात्र का शीशा तोड़कर नकदी निकाल ले गया। सुबह मंदिर के पुजारी मैथिली शरण शास्त्री को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मंदिर जैसे धार्मिक स्थल पर चोरी की घटना से लोगों में नाराजगी है। अब देखना है कि पुलिस आरोपी को कब तक गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा करती है।

भारी बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट, डीएम इंद्रजीत सिंह ने लोगों से की सतर्क रहने की अपील

सचेत ऐप डाउनलोड करने की अपील, खराब मौसम में सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह

सुलतानपुर। बंगाल की खाड़ी में विकसित चक्रवाती तूफान 'अर्णब' के प्रभाव से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मौसम बदलने की संभावना जताई गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ की ओर से 27 अक्टूबर को जारी पूर्वानुमान के अनुसार, 28 से 31 अक्टूबर के बीच प्रदेश के कई इलाकों में मेघगर्जन, वज्रपात, तेज हवाओं और बेमौसम बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने सुलतानपुर के लिए विशेष सतर्कता बरतने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के जनपद स्तरीय पूर्वानुमान के मुताबिक, 29 अक्टूबर को सुलतानपुर में भारी वर्षा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं, 30 अक्टूबर को भी जनपद में गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवाओं की आशंका जताई गई है। इसको देखते हुए जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने जनपदवासियों से मौसम विभाग की चेतावनियों को गंभीरता से लेने और आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौसम की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने तथा आमजन तक समय से जरूरी सूचनाएं पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। 28 से 30 अक्टूबर तक मौसम को लेकर सतर्कता मौसम विभाग के अनुसार, 28 अक्टूबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाले हवा के झोंके 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। आज सुलतानपुर में भारी बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं की आशंका है। वहीं, 30 अक्टूबर को भी खराब मौसम का असर देखने को मिल सकता है। तेज हवाओं और बारिश के कारण पेड़ों की डालियां टूटने, बिजली आपूर्ति बाधित होने, जलभराव और यातायात प्रभावित होने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

खराब मौसम में इन सावधानियों का करें पालन

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि आकाशीय बिजली चमकने और गरज-चमक के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों, बिजली के खंभों तथा कमजोर संरचनाओं के नीचे खड़े होने से बचें। खराब मौसम में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। किसानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

समाज में दीमक की तरह फैल रहा नशा

अमेठी । नशीली दवाओं के दुरूपयोग रोक थाम विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ड्रग लेने वाले व्यक्ति ना केवल अपने स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी बोझ बन जाते है। नशा आज हमारे समाज में दीमक की तरह फैल रहा है। समाज रक्षा संस्थान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से बिन्देश्वरी ग्रामोत्थान संस्थान द्वारा श्री रणंजय इण्टर कॉलेज ठेंगहा में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि इन्द्रदेव शर्मा गायत्री शक्ति पीठ अमेठी ने कहा कि नशा अकेले शुरू नहीं होता है ऐसे दोस्तों से दूर रहे जो आप को बीड़ी सिगरेट शराब गांजा टैबलेट के लिए उकसाते है खाली दिमाग शैतान का घर। जय प्रकाश द्विवेदी प्राचार्य ने कहा कि नशे की लत जीवन को बर्बाद कर देती है।

अंग्रेजों के शासनकाल से इन्हौना चौधरी परिवार लगवा जा रहा मेला

तिलोई,अमेठी-इन्हौना कस्बे में होने वाले विजयदशमी का पर्व (दशहरा मेला) गंगा जमुनी संस्कृति की एक अलग मिशाल कायम किये हुए है। इन्हौना कोर्ट से निकलने वाली राम बारात लगभग डेढ़ सौ वर्षों से अधिक चली आ रही है।इस परंपरा का निर्वाहन आज भी चौधरी परिवार करता चला आ रहा है। गौरतलब रहे कि असत्य पर सत्य की विजय विजयदशमी का पर्व परंपरागत तरीके से हमेशा इन्हौना कस्बे में एक सप्ताह बाद चौधरी परिवार द्वारा दो दिवसीय आयोजित किया जाता है। यहां मेले का आयोजन व सभी धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम मुस्लिम परिवार द्वारा किया जाता है। मेले की शुरुआत इन्हौना कोर्ट के मरहूम चौधरी अकबर हुसैन की पीढ़ी ने लगभग डेढ़ सौ वर्षों पूर्व से शुरुआत की थी। इन्हौना के दशहरा मेला में होने वाली सभी कार्यक्रम को हिंदू मुस्लिम एक साथ मिलकर बखूबी निभाते हैं। यही कारण है कि चौधरी परिवार यहां पर आयोजित होने वाली रामलीला में स्वयं किरदार भी निभाते थे। सैकड़ों वर्ष पूर्व से लगने वाले इस मेले में दूरदराज के ही नहीं बल्कि पूर्व में एक हफ्ते तक राजवाड़ों का कैंप लगता था जो रात दिन साकर मेले का आनन्द लेते थे, लेकिन धीरे धीरे समय बदलता गया और अब दो दिवसीय मेले का दौर शुरू कर दिया गया है । फिलहाल वर्तमान में विजयदशमी का पर्व इन्हौना में आज भी चौधरी परिवार की ही देख रेख में होता है। आज भी मेले में हर धर्म के लोग यहां के रावण वध व रामलीला को देखने के लिए एक मंच पर एकत्रित होते हैं और सभी रस्मों को निभाते हैं। आयोजक के रूप में चौधरी वहाज अख्तर मौजूदा समय विजयदशमी के पर्व की पूरी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। उन्होंने बताया कि मेरे पूर्वज मरहूम चौधरी अकबर हुसैन द्वारा ब्रिटिश हुकूमत के समय से शुरुआत की थी वही पुरानी रश्में आज भी चली आ ही है उसके निर्वाहन की कोशिश की जाती है।

नम आंखों से दुर्गा भक्तों ने मां को दी विदाई

जिला प्रशासन की निगरानी में गाजे बाजे के साथ निकली मां की शोभायात्रा



सुलतानपुर उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में ऐतिहासिक दुर्गापूजा महोत्सव के विसर्जन में शोभायात्रा दुर्गाभक्तों के ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव में मां के मनोहारी रूपों का दर्शन नगर वासियों ने जगह-जगह किया गाजे-बाजे के साथ निकली मां दुर्गा की मूर्तियां जैसे बोल तो रही हो न्यायालय का हवाला देकर पिछले कई वर्ष से जिला प्रशासन यह प्रयास करता रहा कि सुलतानपुर जिले की ऐतिहासिक दुर्गापूजा महोत्सव के समापन पर धीमी आवाज में डी जे बजे हर साल दुर्गाभक्तो की भीड़, उत्साह के आगे प्रशासन तैयारियों के बाद भी औपचरिताएं पूरी भर कर लेता था। उमडा सैलाब और सेकड़ो समिति के उत्साही टीम प्रशासन के वैरिकेटिंग को तोड़ दिया करती थी।, 44 घंटे विसर्जन शोभायात्रा चलती रही पूरे समय सामान्य ढंग से पूजा अर्चना भी हुई जिनकी संख्या लगभग शहरी क्षेत्र में 100 के ऊपर रही। 200 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन असुर परित नेत्रों से जनपद वासियों ने की। विदाई जन पदवासी शहर दुर्गापूजा विसर्जन को देखने पहुंच गयी। अपने अपने स्थानों से उठकर नदी की ओर निकलने वाली तमाम और दुर्गा प्रतिमाओं की झाँकिया पुलिस की रोक के बाद भी शोभायात्रा में शामिल हो गयी। इधर सीताकुंड घाट पर पूरा प्रशासनिक अमला आने वाले सभी दुर्गा प्रतिमाओं को वैकल्पिक कुंड में विसर्जित करवाने में लगा हुआ था शोभायात्रा का नेतृत्व कर रही बड़ी दुर्गा माता के विसर्जन के साथ शुरू हुआ इस दौरान जिला प्रशासन की तरफ से घाट पर मौजूद अपर जिलाधिकारी प्रशासन व अपर पुलिस अधीक्षक नगर विधायक लगातार समितियों से आग्रह करते रहे कि यह न्यायालय व शासन का आदेश है डी जे को कम आवाज में बजाए।

सुल्तानपुर में दुर्गा विसर्जन यात्रा के दौरान एलआईयू सिपाही पर धारदार हथियार से हमला

सुल्तानपुर। दुर्गा प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा के दौरान सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि जिलाधिकारी आवास के सामने अराजक तत्वों ने सादे कपड़ों में ड्यूटी कर रहे एलआईयू के सिपाही सूरज त्रिपाठी (40) धारदार हथियार से हमला कर दिया। सिर पर चोट लगने से सिपाही लहूलुहान हो गए। घायल सिपाही को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां प्राइवेट वार्ड नंबर चार में उनका इलाज चल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश गुप्ता के मुताबिक, सिपाही के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। हालांकि, फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

करवा चौथ को लेकर बाजारों में जमकर हुई खरीददारी

अमेठी । करवा चौथ व्रत को लेकर बाजार गुलजार हैं।पर्व को लेकर बुधवार को भी बाजारों में जमकर खरीददारी हुई। नगर और ग्रामीण अंचल के बाजार गुलजार रहे। करवा चौथ का पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु की कामना के लिए रखती हैं। इस व्रत में महिलाएं पूरे दिन निर्जला रहती हैं और शाम को चांद के उदय होने के बाद व्रत खोलती हैं। इस व्रत में शिव परिवार सहित चंद्र देवता की भी पूजा की जाती है।इस व्रत में महिलाएं पूरा श्रृंगार करती हैं। इस व्रत में मिट्टी के करवे लिए जाते हैं और उनसे पूजा की जाती है।करवा चौथ की पूजा में भगवान शिव गणेश माता पार्वती और कार्तिकेय सहित नंदी जी की भी पूजा की जाती है।पूजा के बाद चंद्रमा को छलनी से ही देखा जाता है और उसके बाद पति को भी उसी छलनी से देखते हैं।बाजारों में श्रृंगार कपड़े आभूषण और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीददारी के लिये भीड़ लगी रही।

भाजपा के शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की जीत पर विद्यालय में खुशी की लहर

रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी जी को शिक्षक विधायक चुनाव में पुन: निर्वाचित होने पर देदौर इंटर कॉलेज देदौर रायबरेली में हर्ष और उल्लास का माहौल रहा। इस जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैवेंद्र भूषण, भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक सुनील कुमार द्विवेदी, प्रबंधक विजय कुवर चौधरी, रतन सिंह, अनिल कुमार वर्मा, आसाराम, अजीत शुक्ला, सचिन कुमार सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने निर्वाचित शिक्षक विधायक को बधाई देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। विद्यालय परिवार के सदस्यों ने आशा व्यक्त की नवनिर्वाचित शिक्षक विधायक शिक्षकों की समस्याओं के समाधान उनके हितों की रक्षा तथा शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुधार बनाने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण व स्वगणना को लेकर सम्पन्न हुई कार्यशाला



रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियान के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) सहदेव मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में कार्यशाला सम्पन्न हुई, जिसमें जनपद के सभी विभागों के कार्यालयाध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक के दौरान जनगणना के द्वितीय चरण और स्वगणना कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई, स्वगणना कार्यक्रम (15 दिवस) जो 16 नवंबर 2026 से 30 नवंबर 2026 तक चलेगा, द्वितीय चरण के कार्य एक दिसम्बर 2026 से चार जनवरी 2027 की निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत संपन्न किए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसके सफल संचालन के लिए जनपद स्तर पर तैयार की गई विभाग-वार कार्य योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जनजागरुकता हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वगणना का लाभ उठा सकें और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी व सुगम हो सके। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अधिकारियों को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराया गया। जिला मास्टर ट्रेनर आशुतोष तिवारी, ऋषभ गुप्ता तथा जिला प्रभारी काजल रानी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को तकनीकी पहलुओं, प्रपत्रों को भरने के तरीकों और निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूर्ण करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ब्रजेश तिवारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा, जिला समाज कल्याण अधिकारी आरवी सिंह, एलडीएम सुबोध मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

चोरी के सामान के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

शिवगढ़ (रायबरेली)। पुलिस ने चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से नगदी सहित चोरी के सामान बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक शिवगढ़ पुलिस ने चौहान पुत्र स्वर्गीय रामदीन निवासी मसंदखेड़ मजरे असहन जगतपुर थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली के घर से अज्ञात चोरों की थी वहीं विंधेश्वरी पत्नी रामकिशोर गौरन खेड़ मजरे गोविंदपुर थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली के घर से अज्ञात चोरों ने आभूषण चोरी किए थे पुलिस ने चोरियों के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया था। शिवगढ़ पुलिस टीम ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर 27.10.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिपुला नहर पुलिया के पास से तीन अभियुक्तगण चंदन पुत्र राज नारायण निवासी ठक्कुराइन खेड़ थाना बछरावां व मनीष पुत्र कल्लू निवासी थुलेण्डी थाना बछरावां व विष्णु जायसवाल पुत्र ओमप्रकाश जायसवाल निवासी गल्ला मंडी थाना बछरावां जिला रायबरेली को चोरी के समान के साथ गिरफ्तार किया है।

खेलकूद हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा-ऋचा

रायबरेली। अमावां ब्लॉक के राणा बेनी माधव सिंह स्मृति ग्राउंड में बुधवार को परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएसएम के जिलाध्यक्ष व सोसाइटी के डायरेक्टर बीरेंद्र सिंह ने की। वहीं, विशिष्ट अतिथि जूनियर शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री सूर्य प्रकाश व ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे बीईओ ऋचा सिंह ने छोटे-छोटे बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। पढ़ने के साथ ही साथ ही खेलकूद भी एक अभिन्न हिस्सा है। बालपन में ही प्रतिभाओं को पहचान कर निखारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज प्रतिभाग करने वाला खिलाड़ी भले ही विजय न रहा हो, लेकिन उसने प्रतिभाग किया यही बड़ी बात रही। बच्चों की यह अभी पहली सीढ़ी है, इसमें प्रतिभाग



करने वाले खिलाड़ियों में कल कोई खिलाड़ी जिला स्तर पर बेहतर करेगा और फिर राज्य और नेशनल स्तर पर भी बेहतर करके अपना नाम रोशन कर सकता ळें। टीम मुकाबले में प्राथमिक स्तर की कबड्डी और खो-खो की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्राथमिक वर्ग कबड्डी बालक वर्ग में रसहेता व बालिका में मरदानपुर की टीम विजयी रही। खो-खो में बालक व बालिका वर्ग में मरदानपुर की टीम विनर रही और खैरा की टीम दोनों वर्ग में रनर रही। प्राथमिक वर्ग में 50 मीटर में बालक और बालिका वर्ग में क्रमश: हसनैन, प्रियांशी प्रथम, आकाश व महक दूसरे स्थान, आर्यन व आसमीन तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर में क्रमश: हसनैन व सुहानी प्रथम, आकाश व प्रांशी दूसरे, आशीष व आंचल तीसरे स्थान पर रही। 200 मीटर में हसनैन व सुहानी प्रथम, सनी व आकाश दूसरे, आकाश व दर्पण तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर में सनी व सुहानी प्रथम, कैनिस व अंशिका दूसरे, आकाश व दीपशिखा तीसरे स्थान पर रही। लम्बीकूद में हसनैन, सनी व गीताजंलि प्रथम, सनी व आंचल दूसरे और अनिकेत व ज्योति तीसरे